संख्या 00874/2019-2020 पत्रावली संख्या I/LUC/0014162 दिनांक 25/07/2019

प्रारूप-8

नियम 7(2) देखिये

सोसाइटी-रजिस्ट्रीकरण

का

प्रमाण-पत्र

(अधिनियम संख्या 21, 1860 के अधीन)

पंजीकरण संख्या **LUC/03516/2019-2020**

एतददद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि **बी0एस0एन0वी0 पी0जी0 कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन, बी0एस0एन0वी0 पी0जी0 कॉलेज, धारबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001, लखनऊ , 226001** को आज उत्तर प्रदेश में अपनी प्रवृत्ति के संबंध में यथासंशोधित सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के अधीन सम्यक रूप से रजिस्ट्रीकृत किया गया है ।

यह प्रमाण पत्र दिनांक **24/07/2024** तक विधिमान्य होगा ।

आज दिनांक **25/07/2019** को मेरे हस्ताक्षर से दिया गया ।

Digitally Signed By
(SANTOSH KUMAR MAURYA)
सोसाइटी के रजिस्ट्रार,
उत्तर प्रदेश ।

एलुमिनी मीट रिपोर्ट

आज दिनांक 8 जून 2025 को BSNVPG College, स्टेशन रोड चारबाग लखनऊ में एक दिवसीय *Alumni Meet 2025* का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधतंत्र समिति के अध्यक्ष श्री टी एन मिश्र जी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

सर्वप्रथम भूगर्भ विभाग के प्रोफेसर संजय शुक्ला जी ने Alumni Meet पर पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पूर्व में हुए कार्यक्रम और महाविद्यालय की उत्कृष्टता पर ध्यान खींचा। संजय शुक्ला जी ने महाविद्यालय की गतिविधियों को बारीकी से सभी के मध्य रखा जिसकी सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ एके त्रिपाठी जी संयुक्त निदेशक मेडिकल हेल्थ ने अपने व्याख्यान से सभी को उत्साहित किया। मुख्य अतिथि जी भी महाविद्यालय के पूर्व छात्र है।

महाविद्यालय के अध्यक्ष महोदय जी ने इस अवसर पर आए हुए सभी एलुमनाई को धन्यवाद दिया और आग्रह किया कि अपने इस महाविद्यालय की तरक्की में तन मन धन से सहयोग करें जिससे आपकी तरह ही अन्य विद्यार्थी भी यहां से पढ़ाई करके देश में विभिन्न पदों पर आसित हों। इस अवसर पर alumni एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्रोफेसर राम कुमार जी ने सभी का उत्साह पूर्वक स्वागत किया और कहा कि आप सभी bsnv के प्रोडक्ट है जो समाज में विभिन्न पदों पर आसित होकर देश सेवा कर रहे हैं। आप सभी BSNV कॉलेज को सहयोग करें जिससे कॉलेज आगे भी इसी तरह देश हित में छात्रों को तैयार कर सके। कार्यक्रम का संचालन bsnv alumni association के अध्यक्ष प्रोफेसर राकेश चंद्र जी ने किया।कॉलेज के मंत्री/प्रबंधक श्री संजीव शर्मा जी ने सभी को सहयोग के लिया धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन लंच के साथ हुआ। इस अवसर पर BSNV Alumni के रूप में प्रोफेसर नरेंद्र कुमार अवस्थी जी, श्री सौरभ पाण्डेय जी, अंकित पाण्डेय जी, डॉ रीता रावत जी, डॉ वैभव सिंह जी, श्री गुफरान अहमद जी समेत लगभग 80 एलुमनाईयों ने प्रतिभाग किया। टेक्निकल सपोर्ट के रूप में श्री सत्यव्रत पाण्डेय जी ने सहयोग किया।



दिनांक: 28/04/2025
(सोमवार)

सूचना

बी० एस० एन० वी० पी०जी० कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन के सभी सदस्यों (साधारण सभा) को सूचित किया जाता है कि एसोसिएशन के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपरांत नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव दिनांक: 07/05/2025 (बुधवार) को निर्धारित किया जाता है। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अनुरोध किया जाता है चुनाव तिथि में उपस्थित होकर एक मजबूत एसोसिएशन बनाने की प्रक्रिया में योगदान प्रदान करेंगे।

चुनाव अधिकारी - प्रो० नरेन्द्र अवस्थी

आज्ञा से -

Rkaushik

(राकेश चन्द्र)
अध्यक्ष
बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज
एलुमनाई एसोसिएशन

(प्रो० दीपक कुमार श्रीवास्तव)
सचिव
बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज
एलुमनाई एसोसिएशन

सदस्य (सामान्य)

1. श्री राकेश चन्द्र
2. श्री दलजीत सिंह
3. श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव
4. श्री इन्द्रेश कुमार
5. श्री कौशल कुमार बाजपेई
6. श्री रामकुमार
7. श्री ओमकार नाथ मिश्र

दिनांकः- 07-05-2025
(बुधवार)

दिनांक: 28-04-2025 (सोमवार) की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज एल्युमनाई एसोसिएशन की बैठक दिनांक: 07-05-2025 (दिन-बुधवार) को आहूत की गयी। इस बैठक में चर्चा उपरांत निम्न निर्णय सर्वसम्मति से लिए गये।

(राकेश चन्द्र)
अध्यक्ष

1. बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज एल्युमनाई एसोसिएशन कार्यकारिणी द्वारा रिक्त कोषाध्यक्ष पद पर डॉ० इन्द्रेश शुक्ल के स्थान पर प्रो० रामकुमार के चयन का निर्णय लिया गया।

2. दिनांक: 01-06-2025 (रविवार) को एल्युमनाई एसोसिएशन मीट आयोजित कराये जाने पर निर्णय लिया गया।

3. उक्त मीट में ही सामान्य सभा के सदस्यों को फॉर्म भरवाकर (आधार की प्रति के साथ) जोड़ा जायेगा।

4. एल्युमनाई एसोसिएशन मीट के पूर्व ही इसका एकाउंट किसी बैंक में प्राथमिकता के आधार पर खुलवाया जायेगा।

पदाधिकारी गण / सदस्य

1. श्री राकेश चन्द्र (अध्यक्ष)
2. श्री दलजीत सिंह
3. प्रो० दीपक कुमार त्रिपाठक (सचिव)
4. प्रो० कौशल कुमार वाजपेई
5. प्रो० रामकुमार (कोषाध्यक्ष)
6. डॉ० ओमकार नाथ मिश्रा

सम्मानित अतिथि गण - 1. प्रो० संजय मिश्र (प्राचार्य)

2. प्रो० नरेन्द्र कुमार अवस्थी
3. प्रो अनिल कुमार पाण्डेय

B.S.N.V. P.G. College Alumni Association

Alumni Meet-2022

[09-10-2022, Sunday, Place: Auditorium Hall]

Brief Report of Program

बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज, चारबाग लखनऊ द्वारा आज दिनांक 9/10/2022 को एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। एलुमनाई मीट कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री त्रिलोकी नाथ मिश्र जी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में आए आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन महाविद्यालय के प्रबंधक/ मंत्री श्री रत्नाकर शुक्ल जी ने किया। इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुक्ल जी ने एलुमनाई कार्यक्रम को प्रत्येक वर्ष संपन्न कराने का आश्वासन दिया। तदोपरांत अध्यक्ष श्री मिश्र जी ने महाविद्यालय के अद्यतन विकास का पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया तथा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित किए जा रहे "एड ऑन कोर्स" को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया । एलुमनाई एवं महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा नवीन परिसर का अवलोकन किया गया तथा एलुमनाई सदस्यों द्वारा इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का प्रारंभ पूर्व विद्यार्थियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा करते हुए हुआ जिसमें कुछ खट्टी-मीठी यादें समाहित थी। अपने अनुभव को साझा करने के क्रम में सर्वप्रथम गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो० सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज का शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी योगदान रहा है और यह बताते हुए उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस महाविद्यालय की शिक्षा का स्तर विश्वविद्यालय की अपेक्षा बेहतर रहा है । इस अवसर पर प्रो० सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने महाविद्यालय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए एम०एस०सी० टॉपर को छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की। इसी क्रम में डॉ योगेश्वर शुक्ला ने पुराने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि लोग कहते थे अगर पढ़ना है तो के के वी में एडमिशन लो और घूमना है तो अन्य जगहों पर...। उन्होंने नैक की ग्रेडिंग को ध्यान में रखकर शिक्षक पर अत्यधिक भार को कम करने तथा उन्हें अपने मूल विषय पर ही केंद्रित रहने की सलाह दी। जॉइंट सेक्रेटरी उच्च शिक्षा डॉ सर्वेश कुमार ने महाविद्यालय को हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ अशोक कुमार तिवारी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिलब्ध भूगर्भ वैज्ञानिक हैं जिन्होंने अपने समय की तमाम खट्टी मीठी यादों को ताजा किया। इसी क्रम में डॉ हेमंत कुमार, डॉ कुंवर सिंह, अभिषेक कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किया। डॉ ओमकार नाथ मिश्र ने बताया कि यह महाविद्यालय हमारे लिए सिर्फ कर्म ही नहीं है बल्कि यह हमारी जन्मभूमि भी रही है। डा मिश्रा ने पठन-पाठन के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एक प्रमुख बिंदु के रूप में है। प्रो विनोद चंद्रा ने भूगर्भ विज्ञान को अपने प्रथम प्रेम के रूप में परिभाषित किया और इस उपलक्ष्य में राजेंद्र पंत छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। महाविद्यालय के पूर्व भूतपूर्व छात्र नेता ने एम०बी० त्रिवेदी पुरस्कार की घोषणा की। हिंदी विभाग के पूर्व छात्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी अखिलेश पांडे जो ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत है अपने पुराने अनुभव ताजा करते हुए एक महाविद्यालय के ऊपर डॉक्यूमेंट्री बनाने की इच्छा जाहिर की। अजीत कुमार जो कि बरेली कॉलेज बरेली में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं ने बताया कि महाविद्यालय में क्लास के बाद अतिरिक्त रूप से

नेट और जे०आर०एफ० की तैयारी कराई जाती है । इस अवसर पर डॉ कुंवर सिंह ,अभिषेक कुमार सुदीप बाजपेई , डा प्रज्ञा डा संजय कुमार शर्मा, डॉ शैलेश कुमार पांडे, डॉक्टर गोविंद पाठक ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर राकेश चंद्रा ने किया । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रमेश धर द्विवेदी जी ने बताया कि यह संस्था के लिए गौरव का क्षण है तथा एलुमनाई द्वारा दिए गए सुझाव का महाविद्यालय सदैव आभारी रहेगा।

News Paper Cuttings

AMAR UJALA, Dated: 10-10-2022

बीएसएनवी की एल्युमिनाई मीट में पुरानी यादें ताजा, डॉक्यूमेंट्री बनाने की घोषणा



लखनऊ। चारबाग स्थित बीएसएनवी पीजी कॉलेज की एल्युमिनाई मीट में बरसों बाद जब सहपाठी मिले तो खट्टी मीठी यादों का सिलसिला चल पड़ा। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ मिश्र ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रबंधक रत्नाकर शुक्ला ने सभी का स्वागत कर प्रत्येक वर्ष एल्युमिनाई मीट कराने का वादा किया। वहीं, महाविद्यालय के विभागों द्वारा संचालित एड ऑन कोर्सेज की प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। एल्युमिनाई मीट में गोरखपुर विवि के प्रो. सुधीर श्रीवास्तव ने एमएससी टॉपर को छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। डॉ. योगेश्वर शुक्ला व ज्वाइंट सेक्रेटरी उच्च शिक्षा डॉ. सर्वेश कुमार ने महाविद्यालय का हर स्तर पर सहयोग देने का निर्णय लिया। प्रो. विनोद चंद्रा ने राजेंद्र पंत छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। ऑल इंडिया रेडियो के अखिलेश पांडेय ने महाविद्यालय पर डॉक्यूमेंट्री बनाने की घोषणा की। भूगर्भ वैज्ञानिक डॉ. अशोक तिवारी, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. कुंवर सिंह, अभिषेक शुक्ला, प्रो. विनोद चंद्रा, पूर्व प्राचार्य प्रो. राकेश चंद्रा आदि ने अपने अनुभवों को साझा किया। (संवाद)

DAINIK JAGRAN, Dated: 10-10-2022



दैनिक जागरण

'टारगेटेड थेरेपी से लंग कैंसर का इलाज बेहतर'

मांगों को लेकर 17 नवंबर को शिक्षा निदेशालय का घेराव करेंगे शिक्षक

HINDUSTAN, Dated:10-10-2022



पूर्व छात्रों ने खट्टी-मीठी यादें साझा कीं

एल्युमिनाई मीट

कॉलेज पर डॉक्यूमेंटरी बनाने की इच्छा

जैन मंदिर में ल

भगवान भरत

NAVBHARAT TIMES, Dated: 10-10-2022

'... पढ़ना है तो केकेवी में ऐडमिशन लो'



अल्मनाई मीट के दौरान पूर्व छात्रों ने यादें साझा कीं।

■ एनबीटी, लखनऊ: बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) में रविवार को हुई अल्मनाई मीट में जुटे पूर्व विद्यार्थियों ने पढ़ाई के दिनों की यादें ताजा कीं। पूर्व छात्र और वर्तमान में गोरखपुर विवि के प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने एमएससी टॉपर के लिए छात्रवृत्ति शुरू करने का ऐलान किया।

महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ मिश्र की मौजूदगी में हुए आयोजन के दौरान डॉ. योगेश्वर शुक्ला ने पुराना दौर याद करते हुए बताया कि लोग कहते थे अगर पढ़ना है तो केकेवी में ऐडमिशन लो और अगर घूमना है तो दूसरी जगह। इस दौरान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से संचालित एड ऑन कोर्स को प्रॉजेक्टर पर दिखाया गया। पूर्व छात्रनेता ने एमबी त्रिवेदी पुरस्कार शुरू करने की बात कही। वहीं ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत पूर्व छात्र अखिलेश पाण्डेय ने कॉलेज पर एक डॉक्युमेंट्री बनाने की इच्छा जताई।

IMPORTANT PHOTOGRAPHS OF ALUMNI MEET-2022






























ALUMNI MEET
5TH OCTOBER, 2022


ALUMNI MEET
5TH OCTOBER, 2022


ALUMNI MEET


ALUMNI MEET


ALUMNI MEET


ALUMNI MEET